मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंक : 66, मुंबई, शुक्रवार, 27 जून, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर







# राज और उद्धव आएंगे एकसाथ


## संजय राउत ने कर दिया ऐलान, बदलेगी सियासत की तस्वीर



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में कई सालों बाद ऐसा होने जा रहा है कि दोनों ठाकरे भाई एक साथ एक मंच पर नजर आएंगे। खास बात यह है कि यह कोई पारिवारिक समारोह नहीं बल्कि एक बड़ा राजनीतिक कदम है। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी पढ़ाए जाने के खिलाफ मिलकर विरोध प्रदर्शन करने जा रहे हैं। इसकी जानकारी शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने दी है। अब राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार को अल्टीमेटम दे दिया है। दोनों ही पार्टियां पहले अलग-अलग विरोध प्रदर्शन करने वाली थीं, लेकिन अब एकसाथ करेंगी। संजय राउत ने सोशल मीडिया मंच पर एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा कि राज-उद्धव साथ मिलकर हिंदी भाषा के विरोध में रैली निकालेंगे। दो अलग-अलग विरोध प्रदर्शन नहीं होंगे। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# शक्तिपीठ हाईवे से कर्ज में आ जाएगा राज्य




## वित्त विभाग की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राज्य मंत्रिमंडल ने बहुचर्चित नागपुर-गोवा शक्तिपीठ हाईवे के लिए मंगलवार 22 जून को भूमि अधिग्रहण को मंजूरी दे दी थी। इससे शक्तिपीठ महामार्ग के भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद थी, लेकिन इसी बीच वित्त विभाग की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शक्तिपीठ हाईवे के निर्माण के लिए जरूरी धनराशि राज्य सरकार के कर्ज के बोझ को भारी बढ़ा देगी। यह रिपोर्ट अर्थ मंत्री अजित पवार के नियंत्रण में आने वाले वित्त विभाग द्वारा तैयार कर पेश की गई है। यह रिपोर्ट और इसकी टाइमिंग इस समय राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। वित्त विभाग ने इस रिपोर्ट में कहा है कि शक्तिपीठ परियोजना के लिए राज्य पर 20,787 करोड़ रुपये का बड़ा वित्तीय दायित्व आएगा। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# महाराष्ट्रः फिर अटका कक्षा 11वीं में प्रवेश



## अब 30 जून को आएगी कॉलेज आवंटन लिस्ट

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 10वीं उत्तीर्ण करने के बाद पिछले डेढ़ महीने से 11वीं में प्रवेश का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग से एक और झटका लगा है। विद्यार्थियों को आवंटित कॉलेजों की सूची गुरुवार को जारी होनी थी लेकिन शिक्षा विभाग की वेबसाइट में छठवीं बार तकनीकी खराबी आने से प्रक्रिया फिर रोक दी गई। इसके कारण सूची का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को दिनभर काफी मायूसी झेलनी पड़ी। अब केंद्रीय प्रवेश समिति ने घोषणा की है कि यह सूची 30 जून को जारी की जाएगी। गुरुवार को प्राप्त कॉलेजों की सूची के लिए विद्यार्थी और अभिभावक सुबह से ही तैयारी में जुटे थे। वहीं जूनियर कॉलेजों के प्राचार्य और शिक्षक भी सूची का इंतजार कर रहे थे। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# मुंबई में इंसानियत हुई शर्मसार!

## कैंसर पीड़ित दादी को पोते ने जंगल में छोड़ा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई से इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आयी है। कैंसर से पीड़ित 70 वर्षीय महिला को गंभीर परिजनों ने आरे कॉलोनी के पास जंगल में छोड़ दिया। बुजुर्ग महिला गंभीर हालत में एक कूड़े के ढेर के पास पायी गयी। जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। लगभग 70 वर्षीय महिला 22 जून की सुबह एक कूड़े के ढेर के पास पायी गयी थी और उसकी हालत खराब थी, जिसके बाद पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। कैंसर रोगी अपनी दादी को आरे कॉलोनी के पास जंगल में छोड़ने के आरोप में 33 वर्षीय एक व्यक्ति और 2 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)





### कूपर अस्पताल में इलाज जारी

अधिकारी ने बताया कि तीनों को बुधवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 और माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि महिला का इलाज अब शहर के जुहू इलाके में स्थित सरकारी कूपर अस्पताल में किया जा रहा है।

## हमारी बात

### साख पर गहरी आंच

**आरोप है कि कीमोथेरेपी की अनेक दवाओं की खराब गुणवत्ता के कारण 100 से ज्यादा देशों में मरीजों का इलाज बेअसर रहा। अनेक मरीजों को दवाओं के साइट इफेक्ट्स झेलने पड़े। इन दवाओं की निर्माता अनेक कंपनियां भारतीय हैं।**

अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों के एक समूह का दावा है कि कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाली अनेक दवाएं गुणवत्ता परीक्षण में खरी नहीं उतरीं। द ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म (टीबीईजे) ने कहा है कि इन दवाओं की खराब गुणवत्ता के कारण 100 से ज्यादा देशों में मरीजों का इलाज बेअसर रहा। अनेक मरीजों को दवाओं के साइट इफेक्ट्स झेलने पड़े। इन दवाओं की निमार्ता अधिकांश कंपनियां भारतीय हैं। टीबीआईजे के मुताबिक कीमोथेरेपी की 189 दवाओं का परीक्षण अमेरिका की नॉट्रे डेम ऑफ में किया गया। उनमें से लगभग 20 फीसदी खरी नहीं उतरीं। इस रिपोर्ट से जिन भारतीयों कंपनियों पर आंच आई है, उनमें से एक ने एक अखबार से कहा कि इस तरह के परीक्षण निष्कर्षों को वैज्ञानिक तर्कों से समझना कठिन है। कंपनी ने दावा किया कि उसे अब तक कहीं और से कोई शिकायत नहीं मिली है। अन्य प्रभावित कंपनियां भी संभवतः इसी तरह की दलीलों से अपना बचाव करेंगी। मगर यह स्वीकार करना होगा कि जब कभी ऐसी जांच रपटें मीडिया में आती हैं, तो उनका दूरगामी असर होता है। बेशक अनेक बार ऐसी रिपोर्टों के पीछे कुछ निहित स्वार्थ काम कर रहे होते हैं। दवा उद्योग के भीतर की प्रतिस्पधाओं की भी इनके पीछे भूमिका होती है। इसलिए एक पत्रकार समूह के निष्कर्षों को सीधे स्वीकार कर लेने की जरूरत नहीं होती। मगर यह आवश्यक है कि ऐसे आरोपों का सामना किया जाए। बाजार में मौजूद दवाओं के सैंपल लेकर निष्पक्ष विशेषज्ञों की निगरानी में परीक्षण कराना ऐसी चुनौतियों का सटीक समाधान है। वरना, बनी धारणाएं लंबे में संबंधित कंपनियों की साख को क्षीण कर देती हैं। टीबीआईजे ने दावा किया है कि दो तिहाई से ज्यादा देशों में दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की व्यवस्था कारगर नहीं है। भारत के बारे में इल्जाम है कि वहां खराब दवाओं की निमार्ता कंपनियों को दंडित करने की विश्वसनीय व्यवस्था नहीं है। चिंताजनक पहलू यह है कि इस रिपोर्ट के पहले कई दूसरी बीमारियों की भारत में बनी दवाएं संदेह के घेरे में आ चुकी हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे संदेहों को दूर करने के कारगर उपाय अब तक नहीं किए गए हैं।

# 12 वीं के छात्र से शिक्षिका ने बनाए शारीरिक संबंध, गिरफ्तार

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**जयपुर।** किसी जमाने में गुरु और शिष्य का रिश्ता पवित्र माना जाता था लेकिन वर्तमान दौर में गुरु और शिष्य के बीच प्यार शादी शारीरिक संबंध जैसी घटनाएं होने लगी है। जिससे इस रिश्ते से पूरी तरह से विश्वास को खत्म कर दिया है और इसी तरह के एक और चौंकाने वाली घटना सामने आई जहां ट्यूशन करने वाली एक शादीशुदा शिक्षिका ने अपने यहां ट्यूशन आने वाले 12वीं कक्षा के एक छात्र के साथ शारीरिक संबंध बनाए यही नही वह छात्र से शारीरिक संबंध बनाने के लिए होटल तक ले जाती थी। पुलिस ने शिक्षिका को गिरफ्तार कर लिया। घटना हरियाणा गुरुग्राम की है। पुलिस के अनुसार शिक्षिका हरियाणा के चरखी दादरी की रहने वाली है और गुरुग्राम के एक निजी स्कूलों में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। इसी स्कूल में 12वीं कक्षा मे एक छात्र पढ़ता है जिस पर शिक्षिका का दिल आ गया और वह उसे चाहने लगी थी। शिक्षिका घर पर भी ट्यूशन पढ़ती थी इसलिए शिक्षिका ने छात्र को परीक्षा में अच्छे नंबर दिलाने का लालच देकर अपने घर ट्यूशन पर बुलाया। छात्र भी




अच्छे नंबर के लालच में शिक्षिका की बात में आ गया और उसके घर पहुंच गया। ट्यूशन करने के दौरान ही वह छात्र से अश्लील हरकतें करती और इस तरह कामुक होने पर दोनों के बीच शारीरिक संबंध बन गए और यह सिलसिला चलाता रहा। शिक्षिका शादीशुदा है और पति के ऑफिस जाने के बाद ही वह छात्र को ट्यूशन के बहाने घर बुलाती और शारीरिक संबंध बनाती थी। कभी-कभी वह छात्र से शारीरिक संबंध बनाने के लिए उसे होटल तक ले जाया करती थी। यह घटना जून 2024 की है जून से सितंबर 2024 तक दोनों के बीच कई बार संबंध बने सितंबर के बाद छात्र ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया इस पर नाराज होकर शिक्षिका ने जनवरी 2025 में छात्र पर छेड़छाड़ का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कर दिया और उसकी इस मामले में गिरफ्तारी हो गई जिसे बाद में जमानत पर रिहा किया गया था। अपनी गिरफ्तारी के बाद जमानत पर बाहर आए इस घटना से आहत होकर छात्र ने अपने पिता और पूरे परिवार को सारी सच्चाई बता दी और अपने पिता को कुछ वीडियो भी दिखाएं जिसमें शिक्षिका उसके साथ शारीरिक संबंध बनते नजर आ रही थी। यह जानकारी मिलते ही छात्र के पिता ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी और वह वीडियो क्लिप भी उपलब्ध कराई इसके बाद मार्च 2025 में पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज किया इसकी भनक लगने पर शिक्षिका ने अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया लेकिन हाई कोर्ट में 20 जून को अग्रिम जमानत की याचिका पर सुनवाई हुई और सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने शिक्षिका की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके बाद पुलिस ने शिक्षिका को 21 जून को गिरफ्तार कर लिया।

# पाक के लिए जासूसी कर रहा नौसेना का बाबू गिरफ्तार, प्रिया के था संपर्क में

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान। जयपुर।** राजस्थान पुलिस की सीआईडी इंटेलिजेंस यूनिट ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में नौसेना भवन दिल्ली में पदस्थ हरियाणा रेवाड़ी के रहने वाले बाबू कोई गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक पुलिस सीआईडी सुरक्षा जयपुर विष्णु कांत गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसी द्वारा की जाने वाली जासूसी गतिविधियों पर सीआईडी इंटेलिजेंस राजस्थान द्वारा निगरानी रखी जा रही और इसी कड़ी में सीआईडी को नौसेना भवन दिल्ली में तैनात पुनसिका रेवाड़ी हरियाणा निवासी विशाल यादव, जो कि नौसेना भवन दिल्ली में डायरेक्ट्रेट ऑफ डाकयार्ड में यूडीसी(बाबू) के पद पर कार्यरत हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया एंजेसी की महिला



हैण्डलर के निरन्तर सम्पर्क में है तथा धनराशी के प्रलोभन में नौसेना भवन की सामरिक महत्त्व की गोपनीय सुचनाएं महिला पाक हैण्डलर को उपलब्ध करवा रहा है। उन्होने बताया की विशाल यादव से केन्द्रीय पूछताछ केन्द्र जयपुर पर विभिन्न एंजेसियो द्वारा सयुक्त रूप से पूछताछ किये जाने पर पाया गया कि विशाल ऑनलाइन गेम खेलने का आदी है एवं अपनी धनराशि की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु देश की सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील सुचनाएं महिला पाक हैण्डलर छदम नाम प्रिया शर्मा को उपलब्ध करवाकर अपने क्रिप्टों करेंसी ट्रेडिग अंकाउट में यूएसडीटी व बैंक खातों में धनराशी प्राप्त कर रहा है। विशाल यादव के मोबाईल का फोरेसिक करवाई गई।

**आपरेशन सिंदूर के दौरान भी दी सूचना**

जांच मे पता चला की विशाल के मोबाईल से महिला पाक हैण्डलर के साथ कि गई चैट एवं दस्तावेजों का अवलोकन करने पर पाया गया कि बाबू विशाल द्वारा ऑपरेशन सिंदुर के दौरान भी नौसेना व अन्य रक्षा संबंधी सूचनाएं महिला पाक हैण्डलर को उपलब्ध करवाई गई है। विशाल यादव को शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 के अंतर्गत जासूसी के आरोप में राजस्थान सीआईडी इन्टेलीजेन्स जयपुर द्वारा दिनांक 25.06 2025 को गिरफ्तार किया गया।



## कानपुर में छात्र को साथ ले गई ,रफ्तार रूपी मौत, साथी मरणासन्न

**कानपुर।** यहां रफ्तार के रूप में मौत का कहर लगातार जारी है, जिसके क्रम में उसने एक छात्र की भी जान ले ली। वह अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था। घटना महाराजपुर थानाक्षेत्र में बौसर गांव के पास ओवरटेक के दौरान हुई। यहां पिकअप ने बाइक सवार दो दोस्तों को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान छात्र की मौत हो गई। वहीं दोस्त की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को दूहरपुर, बांग्ला निवासी किसान शिवबाबू ने बताया कि उनका बेटा आयुष यादव (17) कक्षा नौ का छात्र था। साथ ही खेती किसानी में हाथ बंटाता था। घटना के समय आयुष अपने दोस्त सुमित के साथ बाइक से इकघरा से होते हुए साढ़ जा रहा था। जानकारी केमुताबिक अभी वह महाराजपुर स्थित बौसर गांव के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप सवार ने लापरवाही से ओवरटेक करने में बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें गंभीर दशा मेंदोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया ,जहां आयुष ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# स्वामी विवेकानंद ग्लोबल एवोर्ड 2025 का जिवनधारा संघ की तरफ से शानदार आयोजन किया गया

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** हर साल की तरह इस साल भी मुंबई के अंधेरी वेस्ट में मेयर ऑडिटोरियम हॉल में तारीख 25 जून 2025 को स्वामी विवेकानंद ग्लोबल एवोर्ड सिझन 7 2025 का जिवनधारा संघ एनजीओ की तरफ से शानदार आयोजन किया गया। आज यह एवोर्ड शो में खास तौर पर महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए नारिशक्त एवोर्ड, सोश्यल वर्कर, पत्रकार, लिडर, बिल्डर, बॉलीवुड कलाकारों को स्वामी विवेकानंद ग्लोबल एवोर्ड 2025 से सम्मान किया गया। अमन दिप वालिया ने मंच से सुत्र संचालन किया। तो फिल्म एक्ट्रेस शिरिन फरहीन ने स्टेज पर डांस परफॉर्मेंस का शानदार प्रदर्शन किया इस एवोर्ड शो में पूरे देश भर से 25 विभूतियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अवधेश शुक्ला, आबिदा सय्यद, पालघर




की पूर्व मेयर डॉक्टर उजवाला काले, फिल्म एक्ट्रेस स्वीटी छाबड़ा, एक्ट्रेस शिरिन फरहीन, फरजाना शैख, श्रद्धा गोरे शिवसेना एकनाथ शिंदे, भारतीय पत्रकार संघ के महाराष्ट्र अध्यक्ष और फाईट अगेंस्ट क्रिमिनल के संपादक मोहम्मद सईद शैख, जांबाज सिपाही होमगार्ड और सलाम मुंबई पेपर के संपादक सय्यद बाबु शैख, मनोज झा, सुभाष रकटे, प्रभाकर जाधव समेत कई लोग मौजूद रहे। गोविंद पाण्डेय (भाऊ) ने स्वामी विवेकानंद ग्लोबल एवोर्ड के मौके पर उपस्थित सभी महेमानों के हाथों से जिवनधारा संघ ने पुरे साल में जो जो काम किए थे उसका सोविनियर बुक को लोंन्च किया गोविंद पाण्डेय ने मिडिया से बात करते हुए बताया कि जिवनधारा संघ कीसी भी मजहब का भेदभाव किए बिना लावारिस लासों को समसान तक पहुंचाने का काम करता है अगर कोई हिंदू हो उसे समसान में ले जाया जाता है, मुस्लिम हो तो उसे कब्रिस्तान में दफनाया जाता है इस बार जिवनधारा संघ ने महिलाओं को आगे बढ़ाने का मौका देते हुए दो महिलाओं को नारिशक्ति एवोर्ड सम्मानित किया है। साथ में सोशलिस्ट, पत्रकार, कलाकारों को भी एवोर्ड सम्मानित किया है। जीवनधारा संघ की तरफ से स्वामी विवेकानंद ग्लोबल मोमेंटो अवॉर्ड 2025 से पत्रकार शोएब म्यानुंर को भी सम्मानित किया गया। जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद पाण्डेय (भाऊ) ने आए हुए महेमानों का आभार व्यक्त किया। इस स्वामी विवेकानंद ग्लोबल अवॉर्ड शो 2025 को सफल बनाने में जीवनधारा संघ के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद पाण्डेय (भाऊ) और उनकी पुरी टीम की महेनत से इसे सफल बनाया गया।

# एक्सेलमोटो : EV क्रांति में सेलिब्रिटी तड़का

**मुंबई** में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को नया स्टाइल और ऊर्जा देने आ गई है एक्सेलमोटो, जिसे मशहूर डिज़ाइनर और ऑटोमोटिव एंटरप्रेन्योर अक्षै वर्डे ने लॉन्च किया है। इस इनोवेटिव ई-बाइक ब्रांड को बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी, क्रिकेट स्टार केएल राहुल, और युवा आइकन अहान शेट्टी जैसे दिग्गजों का साथ मिला है। यह ब्रांड न केवल तकनीक और डिजाइन का बेजोड़ मिश्रण है, बल्कि विश्वास, कूलनेस और नई पीढ़ी की सोच का भी प्रतीक है। एक्सेलमोटो की ई-बाइक्स पारंपरिक इलेक्ट्रिक स्कूटर्स जैसी नहीं हैं। ये पेडल-असिस्ट सिस्टम से लैस स्मार्ट ई-बाइक्स हैं जो न केवल एक्टिव लाइफस्टाइल को बढ़ावा देती हैं, बल्कि कार्बन फुटप्रिंट भी कम करती हैं। इनका पेटेंटेड मोटरसाइकिल-प्रेरित डिज़ाइन, प्रीमियम कंपोनेंट्स और हाई-क्वालिटी फिनिश इन्हें बाकी सब से अलग बनाते हैं। 28 जून से



एक्सेलमोटो ने 999 ई-बाइक्स के सीमित बैच के लिए प्री-ऑर्डर शुरू किया है, जिसे मात्र 499 की टोकन राशि में www.exelmoto.com पर बुक किया जा सकता है।

**सेलिब्रिटी सोच और जुड़ाव:** सुनील शेट्टी ने अक्षै वर्डे की डिज़ाइन और डेडिकेशन को वर्षों से करीब से देखा है। उन्हीं के शब्दों में, यह सिर्फ एक ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक क्लीन और स्मार्ट इंडिया की दिशा है, जिसमें मेरे बेटे अहान और दामाद केएल राहुल के साथ काम करना गर्व की बात है। केएल राहुल कहते हैं, मैं परफॉर्मेंस और डिसिप्लिन में विश्वास करता हूं-मैदान पर और सड़क पर भी। एक्सेलमोटो दोनों को मिलाता है। अहान शेट्टी के अनुसार, ये ब्रांड मेरी पीढ़ी के लिए है-जो ट्रेंड सेट करता है, सिर्फ फॉलो नहीं करता।

फाउंडर अक्षै वर्डे का विज़न है: हम एक्सेलमोटो को केवल एक ईवी नहीं, बल्कि एक आंदोलन मानते हैं। हमारा लक्ष्य है- भारत के लिए एक ऐसी सवारी जो स्टाइलिश, टिकाऊ और सस्ती हो।

**टैगलाइन: Ride the Future**

**मूल्य: 499 में बुकिंग**

जुड़ें इस सफर से जो भारत के भविष्य को नई रफ्तार दे रहा है-स्टाइल, परफॉर्मेंस और सस्टेनेबिलिटी के साथ।

# विश्व नशा विरोधी दिवस पर हजारों केमिस्टों ने ली शपथ

**सांगली।** कड़ेगांव सांगली जिला केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन की ओर से सांगली जिले के सभी तहसील में विश्व नशा विरोधी दिवस मनाया गया। हमारे भारतीय नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा उन्हें नशे की लत से हतोत्साहित करना तथा उनका उचित मार्गदर्शन करना फार्मासिस्टों का कर्तव्य मानते हुए यह दिवस मनाया गया। युवाओं को शराब, सिगरेट, नशीली दवाओं की लत से हतोत्साहित करने तथा इस संबंध में जागरूकता पैदा करने



का संकल्प लिया गया। कुछ युवा नशे के आदी हो जाते हैं तथा इसके कारण उनका शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य खराब हो रहा है। नशे की लत तथा लंबे समय तक नशीली दवाओं के सेवन से उच्च रक्तचाप, यकृत रोग तथा कैंसर होने का खतरा रहता है। कुछ युवा नशे की लत में पड़कर हिंसक तथा अपराधी बन रहे हैं। यदि कोई नशीली दवाएं बेच रहा है तथा यह देखा गया तो हम ऐसी गतिविधियों को हतोत्साहित करने के लिए जागरूकता पैदा करेंगे तथा बिना डॉक्टर के वैध पर्चे के कोई भी नशीली दवा नहीं बेचेंगे तथा हम सभी भारत तथा महाराष्ट्र को नशे से मुक्त करने का प्रयास करेंगे। इसमें महाराष्ट्र राज्य औषधि व्यवसायी परिषद के सदस्य तथा महाराष्ट्र राज्य केमिस्ट एसोसिएशन के संपर्क प्रमुख श्री विजय पाटिल के मार्गदर्शन में पश्चिम विभाग उपाध्यक्ष विनायक शेटे, सांगली जिला अध्यक्ष भरत सावंत, सचिव दीपक मगदुम, कोषाध्यक्ष सचिन सकळे, सभी कार्यकारिणी सदस्य तथा सभी तहसील अध्यक्षों ने अपने-अपने विभाग में योजना बनाई।

# सिद्धि विनायक मंदिर के कोषाअध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी से मुलाकात



**भारतीय** जनता पार्टी उत्तर भारतीय मोर्चा के कान्दिवली पूर्व विधान सभा के मीडिया प्रभारी व पत्रकार संदीप सिंह ने गुरुवार दि, २६ जून को प्रातः सिद्धि विनायक मन्दिर जा कर श्री गणेश जी दर्शन पूजा अर्चना की इसके उपरांत सिद्धि विनायक मन्दिर के कोषाअध्यक्ष मुंबई भाजपा प्रभारी मेरे भाई आचार्य पवन त्रिपाठी जी से मुलाकात की उनका आशीर्वाद प्राप्त की संदीप सिंह के साथ विवेक उपाध्याय भी उपस्थित थे।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### राज और उद्धव आएंगे एकसाथ

संजय राउत ने पुष्टि की है कि पहले राज ठाकरे 5 जुलाई को और फिर उद्धव ठाकरे 6 जुलाई को रैली निकालने वाले थे, लेकिन अब यह विरोध एक ही दिन होगा। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने हिंदी के मुद्दे पर राज्य की फडणवीस सरकार की आलोचना की है। उन्होंने सवाल किया कि हिंदी कोई राष्ट्रभाषा नहीं है। यह भी भारत की अन्य भाषाओं में से एक ही है, तो फिर इसे पहली कक्षा से अनिवार्य क्यों किया जा रहा है? बच्चों को एक साथ तीन भाषाएं क्यों पढ़ाई जा रही हैं? सरकार किस दबाव में ये निर्णय ले रही है? शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार पर प्रदेश में जबरन हिंदी भाषा थोपने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य पर हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है। उद्धव का कहना है कि उनका किसी भाषा से कोई विरोध नहीं है। वह सिर्फ किसी भी भाषा को जबरन थोपने के खिलाफ हैं। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने का उद्देश्य मराठी मानुष का उद्धार है। राज ठाकरे ने घोषणा की थी कि वह मराठी लोगों और मराठी समुदाय की भलाई के लिए काम करने वाली पार्टी के साथ हाथ मिलाने के लिए तैयार हैं। इसके लिए उन्होंने उद्धव ठाकरे की पार्टी की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। साथ ही उद्धव ठाकरे ने यह भी घोषणा की थी कि वह मराठी समुदाय के लिए पुराने गिले-शिकवे भुलाकर साथ आने के लिए तैयार हैं।

### शक्तिपीठ हाईवे से कर्ज में आ जाएगा राज्य

बजट अनुमान के अनुसार, मार्च 2026 तक राज्य सरकार के ऊपर कुल 9.32 लाख करोड़ रुपये का कर्ज का बोझ आने की पूरी संभावना है। नागपुर-गोवा शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे के भूमि अधिग्रहण के लिए मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर 20,787 करोड़ रुपये के कर्ज की गारंटी के वजह से राज्य पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा और बजट से बाहर का कर्ज राज्य की कर्ज लेने की क्षमता को प्रभावित करेगा, यह नोट वित्त विभाग ने जारी किया। शक्तिपीठ हाईवे देश के सबसे बड़े सड़क आधारभूत सुविधा प्रोजेक्ट्स में से एक है।

### मुंबई में इंसानियत शर्मसार!

पुलिस के एक अधिकारी ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि सीसीटीवी फुटेज में बुजुर्ग महिला के पोते सागर शेवाले (33), बहनोई बाबासाहेब गायकवाड़ (70) और ऑटो रिक्शा चालक संजय कादरेशम (27) को कथित तौर पर महिला को उस स्थान पर छोड़ते हुए देखा गया, जहां वह मिली थी। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि आरोपी बोरीवली निवासी सागर शेवाले महिला को 21 जून की रात को पहले नगर निगम द्वारा संचालित शताब्दी अस्पताल ले गए, लेकिन जब अस्पताल के अधिकारियों ने उसे भर्ती करने से इनकार कर दिया, तो वे उसे आरे जंगल में ले गए और वहां छोड़ दिया। सूचना के आधार पर पुलिस ने बुजुर्ग महिला को जंगल से गंभीर हालात में लाकर जुहू इलाके में स्थित सरकारी कूपर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### महाराष्ट्रः फिर अटका कक्षा 11वीं में प्रवेश

यानी 10वीं के रिजल्ट के डेढ़ महीने बाद 11वीं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होनी थी लेकिन अब फिर से की प्रक्रिया में देरी हो गई है। अब 30 जून को सूची जारी करने की घोषणा की गई है।

# जोगी की पार्टी समेत 345 राजनीतिक दलों का अस्तित्व आ सकता है संकट में, चुनाव आयोग ने लटकाई तलवार

### ये दल 2019 से एक भी चुनाव में हिस्सा लेने में विफल रहे

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर, 345 पंजीकृत अपंजीकृत राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को हटाने की प्रक्रिया शुरू की है।

ये दल पिछले छह वर्षों (2019 से) में एक भी चुनाव में हिस्सा लेने में विफल रहे हैं और इनके कार्यालयों का भौतिक रूप से कहीं भी पता नहीं चल सका। ये 345 आरयूपीपी देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं।




### पंजीकृत 2 हजार 800 से अधिक आरयूपीपी में से कई दल उन आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल

आयोग के संज्ञान में आया है कि वर्तमान में ईसीआई के साथ पंजीकृत 2 हजार 800 से अधिक आरयूपीपी में से कई दल उन आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल रहे हैं, जो एक आरयूपीपी के रूप में बने रहने के लिए जरूरी हैं। इसके लिए, ईसीआई ने देशव्यापी अभियान चलाया, जिसके तहत अब तक 345 ऐसे दलों की पहचान की गई है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी भी दल को अनुचित रूप से हटाया न जाए, संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करें। इसके बाद, इन दलों को संबंधित सीईओ के समक्ष सुनवाई का अवसर दिया जाएगा।

किसी भी आरयूपीपी को हटाने का अंतिम निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा। देश में राजनीतिक दल (राष्ट्रीय/राज्य/आरयूपीपी) जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत ईसीआई के साथ पंजीकृत होते हैं।

इस प्रावधान के तहत, एक बार पंजीकृत होने पर किसी भी राजनीतिक दल को कर छूट जैसे कई विशेषाधिकार और लाभ प्राप्त होते हैं।

### भियान राजनीतिक व्यवस्था को स्वच्छ करने और उन दलों को हटाने के उद्देश्य से शुरू किया

यह अभियान राजनीतिक व्यवस्था को स्वच्छ करने और उन दलों को हटाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, जिन्होंने 2019 के बाद से लोकसभा, राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं या उप-चुनावों में कोई चुनाव नहीं लड़ा और जिनका भौतिक रूप से पता नहीं लगाया जा सका। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इस अभियान के पहले चरण में 345 आरयूपीपी की पहचान की गई है, और यह प्रक्रिया राजनीतिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लक्ष्य के साथ जारी रहेगी। उक्त अधिकारी ने बताया, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस की स्थापना वर्ष 2016 में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने की थी। छत्तीसगढ़ के एक मात्र क्षेत्रीय दल के रूप में सक्रिय जेसीसीजे ने 2018 के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में हिस्सा लिया था और कुछ सीटें जीती थीं। हालांकि, 2023 के विधानसभा चुनाव में इसकी उपस्थिति और प्रदर्शन सीमित रहा। यदि 2019 के बाद से जोगी की पार्टी ने कोई चुनाव नहीं लड़ा या पार्टी कार्यालय का भौतिक सत्यापन नहीं हो सका, तो यह भी चुनाव आयोग की डीलिस्टिंग प्रक्रिया के दायरे में आ सकता है।

## खबर संक्षेप

### आपातकाल पर कांग्रेस ने भाजपा पर किया केस

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल पर अपमानजनक पोस्ट को लेकर बवाल मचा है। कर्नाटक कांग्रेस नेता एस मनोहर ने भाजपा के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। एक्स पोस्ट में इंदिरा का एक एआई जनरेटेड वीडियो दिखाया गया था। इसमें इंदिरा की फोटो पर छोटी मूंछें दिखाई गई थीं।



### सहायक औषधि नियंत्रक के 40 खाते फ्रीज

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के एक सहायक औषधि नियंत्रक के खिलाफ छापेमारी के बाद करीब 40 बैंक और सावधि जमा खातों को 'फ्रीज' किया। 2एसयूवी जब्त की और बेहिसाब शराब की 60 बोतलें बरामद की। निशांत सरीन, उनके ससुर और एक कथित सहयोगी कोमल खन्ना पर कार्रवाई की। इन पर रिश्वत का आरोप है।

### महाराष्ट्र में 10 फीसदी तक सस्ती की बिजली

**मुंबई।** महाराष्ट्र के लोगों के लिए फडणवीस सरकार ने बिजली के दामों में बड़ी कटौती करने का ऐलान किया है। ये सबसे बड़ी कटौती है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की है कि राज्य में बिजली के दाम में 1 साल में 10 फीसदी और आने वाले 5 वर्षों में 26 प्रतिशत तक की कटौती की जाएगी।



### भारत मंडपम में राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में बोले शाह

# हिंदी किसी भाषा की दुश्मन और विरोधी नहीं ये देश की एकजुटता का सशक्त माध्यम बने

### भारतीय भाषाओं के विकास, समृद्धि और उनकी उपयोगिता पर दिया जोर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को केंद्र और राज्यों में ऑफिशियल वर्क के लिए भारतीय भाषाओं के इस्तेमाल पर फिर से जोर दिया। उन्होंने कहा कि मैं पूरे दिल से मानता हूं कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की दुश्मन नहीं हो सकती। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की मित्र है और हिंदी और भारतीय भाषाएं मिलकर हमारे स्वाभिमान कार्यक्रम को उसके अंतिम लक्ष्य तक पहुंचा सकती हैं। शाह ने कहा कि किसी भाषा का विरोध नहीं है, किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन आग्रह अपनी भाषा के गौरव का होना चाहिए, आग्रह अपनी भाषा बोलने का होना चाहिए, आग्रह अपनी भाषा में सोचने का होना चाहिए। हमें गुलामी की मानसिकता से मुक्त होना चाहिए और जब तक व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा, अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक हम गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकते। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में बोल रहे थे।

ये स्वाभिमान को लक्ष्य तक पहुंचाएंगी



#### हमारी भाषाएं देश को एकजुट करने का जरिया

शाह ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में भाषा का इस्तेमाल भारत को बांटने के साधन के रूप में किया गया। वे इसे तोड़ नहीं पाए, लेकिन प्रयास किए गए। हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारी भाषाएं भारत को एकजुट करने का एक सशक्त माध्यम बनें। शाह ने कहा कि सरकारी कामकाज में भारतीय भाषाओं का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल होना चाहिए, सिर्फ केंद्र सरकार में ही नहीं बल्कि राज्य सरकार में भी। इसके लिए हम राज्यों से भी संपर्क करेंगे, उन्हें समझाने और राजी करने की कोशिश करेंगे।

#### 13 भाषाओं में रहे जेईई, नीट व सीयूईटी के पेपर

शाह ने कहा कि जेईई, नीट और सीयूईटी के पेपर अब 13 भाषाओं में हो रहे हैं। पहले सीएपीएफकी कांस्टेबल भर्ती के लिए आप केवल इंग्लिश या हिंदी में ही आवेदन कर सकते थे। हमने इसे लचीला बनाया और 13 भाषाओं में परीक्षा की इजाजत दी और आज मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि 95 फीसदी उम्मीदवार अपनी मातृभाषा में कांस्टेबल परीक्षा दे रहे हैं। यह बताता है कि भारतीय भाषाओं का भविष्य उज्ज्वल है।



### युवाओं के लिए 'नशा' सबसे बड़ी समस्या

गृहमंत्री शाह ने अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर कहा कि नशा हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार नशा तस्करी करने वाले गिरोहों (नार्को-कार्टेल) के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सामान्य जीवन में वापस लाने के लिए काम कर रही है। आज 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी और अवैध तस्करी दिवस के अवसर पर शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर पोस्ट कर यह बात कही।

### गुलामी की मानसिकता से मुक्ति मिलेगी

शाह ने यह भी कहा कि आने वाले समय में केंद्र और राज्यों के प्रशासन में भारतीय भाषाओं का उपयोग और भी बढ़ेगा। वह इसके लिए राज्यों से संपर्क करेंगे और उन्हें समझाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर शाह ने राजभाषा हिन्दी और सभी भारतीय भाषाओं के प्रेमियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा आग्रह अपनी भाषा के सम्मान और उपयोग का होना चाहिए। जब तक हम अपनी भाषा में सोचेंगे और गर्व से बोलेंगे नहीं, तब तक गुलामी की मानसिकता से मुक्ति संभव नहीं है।

**हिंदी सभी भाषाओं की दोस्त:** शाह ने कहा कि हिंदी भाषा किसी भी दूसरे भारतीय भाषा की दुश्मन नहीं है। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की दोस्त है और हिंदी एवं भारतीय भाषाएं मिलकर हमारे स्वाभिमान कार्यक्रम को उसके अंतिम लक्ष्य तक पहुंचा सकती हैं।

**भाषा का इस्तेमाल देश को बांटने के लिए किया गया**

शाह ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में भाषा का इस्तेमाल भारत को बांटने के माध्यम के रूप में किया गया। वे इसे तोड़ नहीं पाए लेकिन कोशिश पूरी की गई। इसके लिए आधिकारिक भाषा विभाग काम करेगा।

### उद्धव ने भाजपा पर लगाया आरोप

### भाजपा बांट रही, हम किसी भाषा से नफरत नहीं करते



**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी भाषा के आधार पर लोगों में विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और सत्तारूढ़ पार्टी पर महाराष्ट्र में लैंग्वेज इमरजेंसी लगाने का आरोप लगाया। उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी हिंदी के विरोध में नहीं है, लेकिन मुख्य तौर पर मराठी भाषी राज्य में इसे लागू करने के खिलाफ है। हम किसी भाषा का विरोध या नफरत नहीं करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी भी भाषा को लागू करने की इजाजत देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का छिपा हुआ एजेंडा हिंदी को लागू करना है।

# शहीदों के बच्चों को प्रतिवर्ष 60 हजार रुपए से 96 हजार रुपए तक की छात्रवृत्ति मिलेगी

"हरियाणा में शहीद सैनिकों एवं अर्धसैनिक बलों के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति"

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हरियाणा सरकार ने शहीद सैनिकों एवं अर्धसैनिक बलों के बच्चों के लिए एक विशेष छात्रवृत्ति योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। वर्तमान सरकार ने अपने संकल्प पत्र में सैन्य सेवाओं के वीर शहीदों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने का वादा किया था, अब सरकार ने अपने वादे से भी आगे बढते हुए सैन्य सेवाओं के शहीदों के बच्चों के साथ–साथ शहीद अर्ध-सैनिक बलों के बच्चों को भी छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना से प्रेरित इस नई नीति के तहत कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को प्रतिवर्ष 60 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी। स्नातक स्तर तक के विद्यार्थियों को 72 हजार रुपए प्रति वर्ष जबकि स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययनरत छात्रों को 96 हजार रूपये प्रति वर्ष छात्रवृत्ति मिलेगी। इस योजना से 189 छात्रों को छात्रवृत्ति के रूप में 1 करोड, 31 लाख 64 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। यह ऐतिहासिक निर्णय बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हरियाणा कैबिनेट की बैठक में स्वीकृत किया गया। हरियाणा सरकार के अनुसार इस नीति का उद्देश्य शहीद सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करना है, जिससे उनका भविष्य उज्वल और सुरक्षित बन सके।

### मुआवजा प्रक्रिया को बनाया सरल, पत्थर और रेत पर रॉयल्टी बढ़ाई

हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा लघु खनिज रियायत, भंडारण, खनिजों का परिवहन तथा अवैध खनन रोकथाम नियम, 2012 में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। संशोधन के तहत, किसानों को मुआवजा और रेंट प्रदान करने की प्रक्रिया को अधिक सुगमता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरल बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, पत्थर और रेत के लिए रॉयल्टी दरों में संशोधन किया गया है। पत्थर की रॉयल्टी 45 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपए प्रति टन की गई है, जबकि रेत की रॉयल्टी को 40 से बढ़ाकर 80 रुपए प्रति टन किया गया है। बैठक में अंतर-राज्यीय खनिज परिवहन शुल्क लिए जाने को भी मंजूरी प्रदान की गई है। खनिजों के अंतर-राज्यीय परिवहन के लिए 100 रुपये प्रति टन का शुल्क लगाया जाएगा। यदि ई-ट्रांजिट में गंतव्य हरियाणा के भीतर है, तो अंतर-राज्यीय पारगमन शुल्क 100 रुपए निर्धारित किया गया है, और यदि ई-ट्रांजिट में गंतव्य हरियाणा के बाहर कहीं भी है, तो 20 रुपए निर्धारित किया गया है। इन नियमों को हरियाणा लघु खनिज रियायत, खनिजों का भण्डारण, परिवहन एवं अवैध खनन निवारण नियम (संशोधन) नियम, 2025 कहा जाएगा।

# इस गांव को है अनोखा वरदान! जहरीले सांप के काटने से भी नहीं जाती किसी की जान

**अगर किसी को सांप काट ले तो कई बार लोगों की जान चली जाती है। ऐसे में यूपी में एक ऐसा गांव है, जो अपनी विशेषता के लिए जाना जाता है। इस गांव में जहरीले सांप के काटने से किसी की मौत नहीं होती। इसके पीछे की दिलचस्प कहानी है। उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा राज्य है। जहां 75 जिले हैं। यहां के हर हिस्से की अपनी खासियत है। ऐसा ही एक गांव सहारनपुर में है, जो धार्मिक मान्यताओं से घिरा हुआ है। यहां के मंदिरों में देशभर से श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए आते हैं।**

**नई दिल्ली।** सहारनपुर का महाभारत कालीन गांव जड़ौदा पांडा भी काफी फेमस है। इस गांव में बाबा नारायण दास मंदिर की महत्ता देशभर में है। बाबा के वंश से जुड़े 12 गांवों जड़ौदा पांडा, किशनपुरा, जयपुर, शेरपुर, घिसरपड़ी, किशनपुर, चरथावल, खुशरोपुर, मोगलीपुर, चोकड़ा, घिस्सूखेड़ा, न्यामू के ग्रामीण देवता मानते हैं।

### बाबा की कृपा

इन सभी गांवों पर बाबा नारायण दास की ऐसी कृपा है कि यहां अगर किसी को जहरीला सांप काट लेता है, तो उनको सांप के काटने का जरा भी असर नहीं होता और न ही उनकी मौत होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब 700 साल पहले ग्राम जड़ौदा पांडा निवासी उग्रसेन और माता भगवती के घर बाबा नारायण दास का जन्म हुआ था।

#### महाभारत कालीन गांव



#### क्या कहते हैं लोग?

कहा जाता है कि बाबा नारायण दास बाबा नारायण दास श्री पंचायती उदासीन अखाड़े से जुड़े हुए थे और शिव भक्त थे और उन्होंने कई जगहों पर तपस्या की थी। बाबा ने अपनी 80 बीघा जमीन शिव मंदिर में दान दी थी। इस महाभारत कालीन शिव मंदिर के पास साधना के दौरान वह अपने सेवक, घोड़े, कुत्ते के साथ धरती मां की गोद में समा गए थे।


# पहली बार 2 मर्दों से बिना मां के पैदा हुआ बच्चा, चीन के वैज्ञानिकों ने रचा इतिहास

**बीजिंग।** विज्ञान ने इस बार प्रकृति के सभी नियमों को पार कर दिया है चीन के जियाओतोंग विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा चूहा तैयार किया है, जो केवल दो नर चूहों के डीएनए से जन्मा है, मतलब इसकी कोई मां नहीं है। यह स्टडी 23 जून 2025 को नामी साइंटिफिक जर्नल राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी की कार्यवाही में छपी है।

### 20 साल की रिसर्च

इस प्रक्रिया से तीन बच्चे जन्में थे। इनमें से एक आकार में बड़ा होने के कारण अगले दिन मर गया। 2004 में जापान में दो मादा चूहियों से बच्चों का जन्म कराया गया था। लेकिन, ये पहली बार है जब 2 नर से बच्चे को पैदा कराया गया। इस बार चीनी वैज्ञानिकों ने जीन डिलीशन की बजाय मिथाइलेशन के जरिए एपिजेनेटिक रीप्रोग्रामिंग की जिससे भ्रूण अधिक स्वस्थ रहा।







### कैसे हुआ ये अनोखा चमत्कार

इस प्रयोग को सफल बनाने के लिए वैज्ञानिकों की टीम ने एपिजेनेटिक प्रोग्रामिंग पैटर्न को एडिट किया और नया तरीका अपनाया। आपको बता दें कि मिथाइलेशन की प्रक्रिया में डीएनए की एक्टिविटी को नियंत्रित किया जाता है, लेकिन इसका असर डीएनए सीक्वेंस पर नहीं पड़ता।

इसमें एक लैब-ब्रेड माउस और दूसरा थाईलैंड के वाइल्ड माउस की नस्ल का इस्तेमाल किया गया। इसके लिए सबसे पहले अंडाणु से जीनोम हटाया गया और उसमें 2 मेल शुक्राणु को इंजेक्ट किया गया। इनमें से एक के मिथाइलेशन पैटर्न को महिला डीएनए जैसा बनाया गया।



### क्यों जरूरी है ये खोज?

यूनिवर्सिटी कालेज लंदन की असोसिएट प्रोफेसर हेलेन ओ'नील का कहना है कि, इससे ये साबित होता है कि स्तनधारी जीवों में एक लिंग से संतान पैदा करने में बड़ी बाधा जीनोमिक इम्प्रिंटिंग है और अब शायद इसे पार किया जा सकता है। हालांकि, वैज्ञानिकों ने ये भी साफ कर दिया है कि इस तकनीक का इस्तेमाल इंसानों पर लागू नहीं हो सकता। भले यह सफलता इंसानों के लिए उपयोगी नहीं है, लेकिन इससे रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी, जेनेटिक इंफर्टिलिटी और क्लोनिंग जैसे क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

- तीन सत्र में निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ रुपए बढ़ी
- शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन उछाल दर्ज किया गया
- तनाव शांत होने से निवेशकों की धारणा हुई मजबूत
- अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती दर्ज की गई

### भूराजनीतिक तनाव कम होने से बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी

# सेंसेक्स में 1000 अंक का जोरदार उछाल, निवेशकों की बल्ले-बल्ले

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भू-राजनीतिक तनाव कम होने और चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में जहां 1,000 अंक का जोरदार उछाल आया, वहीं निफ्टी 304 अंक चढ़ गया। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में जारी तनाव शांत होने और घरेलू स्तर पर उपजे आशावाद ने निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी तेजी को समर्थन मिला।

### निफ्टी में रही 304 अंक की तेजी

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,000.36 अंक बढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,056.58 अंक चढ़कर 83,812.09 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 304.25 अंक यानी 1.21 प्रतिशत बढ़कर 25,549 अंक पर बंद हुआ।

### टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस में रही तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, इटर्नल, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। इसके उलट ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।



### जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

### मिडकैप व स्मालकैप चढ़े

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.56 प्रतिशत की तेजी रही जबकि स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत चढ़ गया।क्षेत्रवार सूचकांकों में से धातु खंड में सर्वाधिक 2.28 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,097 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,900 शेयर गिरकर बंद हुए और 156 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे।

### घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदी बढ़ी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "पश्चिम एशिया में युद्धविराम के बाद मानक सूचकांक ने निवेशकों के तगड़े भरोसे को दर्शाया। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली लगातार जारी है, लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशक घरेलू खपत बढ़ने और नकदी की स्थिति सुधरने से शुद्ध खरीदार बने हुए हैं।"

### तीन सत्र में निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद बढ़ती सकारात्मक धारणा के बीच बाजार में तीन सत्र में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई में शामिल कंपनियों का बाजार पूंजीकरण तीन सत्र में 9,70,200.71 करोड़ रुपये बढ़कर 4,57,52,700.57 करोड़ रुपये हो गया।

### वायदा अनुबंधों के निपटान से बाजार एक फीसदी चढ़ा

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "मासिक वायदा अनुबंधों के निपटान के दिन बाजार एक प्रतिशत से अधिक चढ़ गए। सत्र की शुरुआत से ही सकारात्मक कारोबार हुआ जिसके पीछे बेहतर वैश्विक संकेतों की अहम भूमिका रही। चुनिंदा बड़ी कंपनियों में खरीदारी से बढ़त को मजबूती मिली।"

# एससीओ बैठक में राजनाथ ने पाकिस्तान को दो टूक कहा- खून बहाने वालों को माफी नहीं

**लखनऊ।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (SCO) में शामिल हुए। यहां आतंकवाद के मुद्दे पर बात करते हुए राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान की जमकर आलोचना की। उन्होंने साफ कहा कि बेगुनाह नागरिकों का खून बहाने वालों को भारत किसी भी सूरत में माफ नहीं करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए कहा कि उग्रवाद और आतंकवाद आज सबसे बड़ी समस्या है। शांति-समृद्धि और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान पर हमला बोला।

**दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं**

रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि "कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए।" उन्होंने कहा, "22 अप्रैल 2025 को, आतंकवादी समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर एक नृशंस और जघन्य हमला किया। एक नेपाली नागरिक सहित 26 निर्दोष नागरिक मारे गए। पीड़ितों से उनका धर्म पूछकर उन पर गोलियां बरसाई गईं। द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा का एक प्रॉक्सी है।

**शांति, सुरक्षा और विश्वास सबसे बड़ी चुनौती :** उन्होंने कहा, हमारे क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौतियाँ शांति, सुरक्षा और विश्वास की कमी से जुड़ी हैं। इन समस्याओं का मूल कारण कट्टरपंथ, उग्रवाद और आतंकवाद में वृद्धि है। शांति-समृद्धि और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है और हमें अपनी सामूहिक सुरक्षा और संरक्षा के लिए इन बुराइयों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट होना चाहिए। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि क़िंगदाओ में आना मेरे लिए खुशी की बात है। मैं अपने मेजबानों को उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ। मैं बेलारूस को एससीओ परिवार में एक नए सदस्य के रूप में शामिल होने पर बधाई देना चाहता हूँ। हम जिस दुनिया में रहते हैं, वह एक बड़े बदलाव से गुजर रही है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बियर से करेंगे बालों को नेचुरली स्पा तो कंडीशनर जाएंगे भूल



बालों से जुड़ी परेशानियों को दूर करने के लिए हेयर स्पा करवाना बैस्ट माना जाता है। इससे बालों की जड़ें मजबूत होती हैं, जिससे बालों का झड़ना,रूसी,ड्राइनेस, बालों का टूटना आदि सहित और भी बहुत सी परेशानियां दूर हो जाती है। इससे बाल तो खूबसूरत हो जाते हैं लेकिन महीने में दो बार पार्लर जाकर स्पा ट्रीटमेंट करवाने के लिए हर किसी के पास समय नहीं होता। इसका एक कारण समय की कमी और दूसरा पैसों का ज्यादा खर्च है। आप कामकाजी है या फिर हाउसवाइफ अपने लिए कुछ समय निकाल कर खुद घर पर भी स्पा कर सकती हैं।

**हेयर स्पा करने का तरीका**

हेयर स्पा में सबसे पहले बालों को स्टीम दें। इसके लिए पानी को बर्तन में गर्म करने के बाद एक तौलिए को इसमें भिगो कर निचोड़ लें और इसे बालों को बांध लें। इसके अलावा चेहरे को स्टिम देने वाले स्टिमर से भी बालों को भाप दे सकते हैं लेकिन इसके लिए सावधानी बरतना बहुत जरूरी है।

**बियर से इस तरह करें हेयर स्पा**

बियर बालों के लिए सबसे अच्छा कंडीशन है। इससे ड्राई और डैमेज बाल जल्द ही ठीक हो जाते हैं। इस स्पा को बालों पर अप्लाई करने के लिए 1 बोतल बीयर और माइल्ड शैंपु की जरूरत है।

स्पा करने से पहले बियर की बोतल को रात भर के लिए खुला छोड़ दें। इससे उसका झाग खत्म हो जाएगा। अब सुबह बालों को धोकर कंडीशनर की जगह बालों पर बियर डालें। इसके बाद मसाज करें और बाद में पानी से बालों को धो लें। आप महीने में एक बार बीयर से घर पर ही हेयर स्पा कर सकते हैं। इसमें समय भी कम लगेगा और बालों को पूरा पोषण भी मिलेगा।

# मेकअप करते वक्त होती है परेशानी तो फॉलो करें ये टिप्स

खूबसूरत दिखने के लिए लड़कियां मेकअप का सहारा लेती है। बढ़िया मेकअप करने पर उनकी लुक एकदम बदल जाती है लेकिन कई बार जल्दी में मेकअप करते समय कुछ प्रॉब्लम्स होती है। जिसे सभी लड़कियां फेस करती है जैसे आईलाइनर टेढ़ा लगना या फिर एक्सट्रा फाउंडेशन लग जाना। इस तरह की कई प्रॉब्लम होती है। जिसके कारण उन्हें मेकअप करने में बहुत समय लगता है। आज हम आपको इन प्रॉब्लम को दूर करने के आसान ट्रिक्स बताएंगे, जिसे इस्तेमाल करके आप आसानी से जल्दी मेकअप कर सकेंगी।

**1. ज्यादा लिपस्टिक लगने पर**

लिपस्टिक लगाते ही लुक ग्लैमरस बन जाती है लेकिन इसके ज्यादा लग जाने पर इसे घटाने के लिए टिशू पेपर लें और इसे होंठो पर रख कर ब्रश के साथ इसके ऊपर ट्रांसलूसेंट पाउडर लगाने पर एक्सट्रा लिपस्टिक हट जाएगी।

**2. आईलाइनर टेढ़ा होने पर**

कई बार आईलाइनर लगाते समय यह टेढ़ा हो जाता है और इसे पूरा हटाने से आईस खराब हो जाती है। इसलिए टेढ़ी लाइन हटाने के लिए द-इस्त्र यूज करें। इसे लोशन या क्रीम में डुबोकर लाइनर को साफ करें। इससे आपकी लुक भी खराब नहीं होगी और लाइनर हट भी जाएगा।



**3. एक्सट्रा फाउंडेशन लगने पर**

कई बार फाउंडेशन लगाने के बाद स्किन पर सिलवटे नजर आने लगती है। ऐसा इसे ज्यादा लगाने के कारण होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो स्पंज लेकर इसे हल्का गीला करके चेहरे पर थपथपाएं। इस तरह एक्सट्रा फाउंनडेशन बड़ी आसानी से उतर जाएगा।

**4. एक्सट्रा ब्लश लगने पर**

चेहरे पर ज्यादा ब्लश लगाने पर भी स्किन पर सिलवटें नजर आने लगती है। इसे ठीक करने के लिए टिशू पेपर लें और इसे ब्लश वाली जगह पर रख कर हल्का दबाएं। इससे एक्स्ट्रा ब्लश आसानी से उतर जाएगा।

**5. आईशैड फेस पर गिरने पर**

अगर आईशैड लगाते यह चेहरे पर गिर जाता है तो इसे साफ करने के लिए उस हिस्से पर मॉइश्चराइजर लगाएं और मेकप ब्लेंडर से इसे साफ करें।



# इम्यून सिस्टम करना है स्ट्रांग तो रोजाना खाएं भुने हुए चने

भुने हुए चने का सेवन बादाम खाने के बराबर होता है। अगर आप भी इसे रोजाना खाते हैं तो कई हेल्थ समस्याओं से बचें रह सकते है। इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और विटामिन आदि पोषक तत्व पाएं जाते हैं जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। बाजार में भुने हुए चने दो तरह के मिलते हैं एक छिलके वाले और एक बिना छिलके के लेकिन छिलके वाले चने ज्यादा फायदेमंद होते हैं। इसके लिए रोजाना 50 से 60 ग्राम चने का सेवन करें। आइए जानिए किन-किन समस्याओं से छुटकारा दिलाते हैं भुने चने।

**1. पेशाब की समस्या से दिलाएं छुटकारा**

बार-बार पेशाब आने की समस्या से राहत पाने के लिए भुने चने बहुत फायदेमंद है। इसके लिए रोजाना भुने चने को गुड़ के साथ खाएं। इस उपाय को करने से आपको बहुत जल्दी फायदा मिलेगा।

**2. रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए**

भुने चने का सेवन करने से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मौसम बदलने पर होने वाली समस्याओं से शरीर बचा रहता है। इसके लिए रोजाना नाश्ते में या दोपहर के भोजन से पहले 50 ग्राम भुने हुए चने खाएं।

**3. वजन घटाने में करें मदद**

भुने हुए चने शरीर की एक्स्ट्रा चर्बी घटाने में मदद करते हैं। अगर आप या आपका कोई खास मोटापे की समस्या से परेशान है तो वह रोजाना की डाइट में भुने हुए चने शामिल करें।

**4. श्वसन नली रोग करें दूर**

चने श्वसन नली संबंधी रोगों को दूर करने में मदद करते हैं। इसके लिए रात को सोने से पहले चने को चबा कर खाएं और साथ में गर्म दूध पीएं। आपको बहुत जल्दी फायदा मिलेगा।

**5. डायबिटीज करें कंट्रोल**

डायबिटीज रोगियों के लिए भुने चने बहुत फायदेमंद है। चने शरीर में ग्लूकोज की मात्रा को सोख कर शुगर को कंट्रोल करते हैं। इसके अलावा ब्लड शुगर का लेवल कम होता है।

**6. कब्ज से मिलें छुटकारा**

कब्ज की समस्या होने पर शरीर थका-थका, सुस्त बना रहता है और इसके ठीक न होने पर शरीर को कई बीमारियां घेर लेती है। इस परेशानी से राहत पाने के लिए हर रोज चने खाना शुरू करें।

**7. पाचन शक्ति और दिमाग बढ़ाएं**

रोजाना चने खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है और दिमागी शक्ति बढ़ती है। इसके अलावा चने में फॉस्फोरस होने के कारण यह शरीर में हीमोग्लोबिन लेवल बढ़ाता है और किडनी से एक्स्ट्रा साल्ट बाहर निकालने में मदद करता है।

# इन लोगों को अवॉइड करना चाहिए नींबू पानी, जानिए क्यों?

गर्मियों में अधिकतर लोग नींबू पानी पीना पसंद करते हैं। इससे शरीर को विटामिन-सी, पोटाशियम और फाइबर मिलता है लेकिन जरूरी नहीं कि यह हर किसी के लिए फायदेमंद हो। कुछ लोगों के लिए नींबू पानी नुकसानदायक हो सकता है। इसके अलावा इसका अधिक सेवन भी शरीर को नुकसान पहुंचाता है। आज हम आपको उन लोगों के बारे में बताएंगे जिन्हें नींबू पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे उनकी प्रॉब्लम बढ़ सकती है।

**दांतों की प्रॉब्लम**

अगर आपके दांतों में किसी भी तरह की प्रॉब्लम हैं तो नींबू पानी का सेवन न करें। इससे सैंसिटिविटी की समस्या बढ़ जाती है। इससे दांत टूट भी सकते है।

**पेट के अल्सर**

पेट के अल्सर से पीड़ित लोगों को नींबू पानी नहीं पीना चाहिए। इससे जलन और दर्द बढ़ सकता है।

**यूरिन प्रॉब्लम**

अगर आपको यूरिन संबंधित कोई प्रॉब्लम है तो नींबू पानी न पीएं। इससे इंफैक्शन बढ़ सकती है।

**एसिडिटी**

नींबू में अधिक मात्रा में एसिड पाया जाता है। अगर आपको एसिडिटी की प्रॉब्लम है तो इसका सेवन न करें। इससे प्रॉब्लम बढ़ सकती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# राखी ने किया पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर का समर्थन

**दिलजीत दोसांझ** की फिल्म सरदार जी 3 जहां एक तरफ रिलीज से पहले ही विवादों में घिर गई है, वहीं दूसरी तरफ बॉलीवुड की कॉन्ट्रोवर्सी क्वीन राखी सावंत इसके सपोर्ट में खड़ी नजर आ रही हैं। फिल्म में दिलजीत दोसांझ के साथ पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर नजर आ रही हैं, जो अपने रोमांटिक अंदाज से दर्शकों का ध्यान खींच रही हैं। हालांकि, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में पाकिस्तानी कलाकारों पर लगे अनौपचारिक बैन के कारण इस फिल्म में हानिया आमिर की मौजूदगी पर विरोध तेज हो गया है। कई लोग दिलजीत दोसांझ को ह्यदेशद्रोहीह्ल तक कह रहे हैं और सोशल मीडिया पर फिल्म को बायकॉट करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन ऐसे वक्त में राखी सावंत ने हानिया आमिर के समर्थन में एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने हानिया की जमकर तारीफ की। राखी ने कहा कि हर किसी को सरदार जी 3 देखनी चाहिए। हानिया मेरी फेवरेट है और इस फिल्म से वह बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। उन्हें सपोर्ट और आशीर्वाद मिलना चाहिए। उन्होंने हानिया को अल्लाह का आशीर्वाद भी दिया और फिल्म को देखने की अपील की। राखी का यह वीडियो वायरल होते ही उन्हें भी ट्रोल्स का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया पर लोग उन्हें भी बायकॉट करने की मांग कर रहे हैं।

# अर्जुन के बर्थडे पर मलाइका ने भेजा स्पेशल विश

**बॉलीवुड** एक्टर अर्जुन कपूर 26 जून को 40 साल के हो गए हैं और इस मौके पर उन्हें फैंस और सेलेब्स से ढेर सारी शुभकामनाएं मिल रही हैं। लेकिन सबसे खास विश आई उनकी एक्स गर्लफ्रेंड मलाइका अरोड़ा की तरफ से। सोशल मीडिया पर मलाइका का अर्जुन के लिए पोस्ट सामने आते ही दोनों के पैचअप की चर्चा फिर से तेज हो गई है। मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक बूमरेंग शेयर किया है, जिसमें अर्जुन कपूर उछलते हुए नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा कि हैप्पी बर्थडे अर्जुन कपूर। पोस्ट सिंपल जरूर है, लेकिन इसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त हलचल मच गई है। बीते साल मलाइका ने अर्जुन के बर्थडे पर कोई पोस्ट नहीं किया था, न ही वो उनके बर्थडे बैश में शामिल हुई थीं। यही नहीं, दोनों के ब्रेकअप की खबरों ने तब जोर पकड़ लिया था। अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा 2019 से रिलेशनशिप में थे। दोनों ने अपने रिश्ते को कभी नहीं छिपाया और सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ कई बार प्यार जताया। लेकिन साल 2024 में इनके ब्रेकअप की खबरें सामने आईं और अर्जुन ने एक इंटरव्यू में खुद स्वीकार किया था कि वे अब सिंगल हैं। ब्रेकअप के बावजूद अर्जुन ने मलाइका का साथ नहीं छोड़ा। मलाइका के पिता के निधन के समय वो उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़े दिखे। अर्जुन कपूर ने मलाइका के बर्थडे पर कोई ओपन विश तो नहीं किया था, लेकिन इंस्टाग्राम पर एक क्रिप्टिक मैसेज लिखा था कि कभी भूलो मत कि तुम कौन हो। अब जब मलाइका ने अर्जुन को बर्थडे पर खुलेआम विश किया है, तो सोशल मीडिया यूजर्स इस इशारे को पैचअप मान रहे हैं। हालांकि दोनों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।





ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. - 2014
G.D. JALAN COLLEGE
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board
(MARWARI MINORITY) NAAC Accredited with B+ Grade, ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COLLEGE
College Code : 527
Junior College
F.Y.J.C/ S.Y.J.C (Science & Commerce)
Degree College
B. Com • B.A.F • B.Sc.I.T • B.M.S • B.Sc
ADMISSIONS OPEN
Contact Number : 9326346900 / 9326335467
Upper Govind Nagar, Malad (East)